INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 9	Topic: Answers of Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्र –1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :-

चिन्नप्पा और पेरियप्पा दो भाई थे। चिन्नप्पा छोटे थे और पेरियप्पा बड़े थे।चिन्नप्पा 30 साल के थे और पेरियप्पा 35 साल के। एक दिन चिन्नप्पा और पेरियप्पा धान के खेत में काम कर रहे थे । गर्मी के दिन थे। धूप कड़ी थी। दोनों दोपहर तक काम करते रहे। फिर रोटी खाई, ताज़े नारियल का मीठा पानी पिया और पास ही के बरगद के पेड़ के नीचे छाया में लेट गए। बरगद का पेड़ बहुत बड़ा था। अनेक पक्षी उस पर बैठकर उसके छोटे-छोटे फल खा रहे थे। चिन्नप्पा पेड़ के नीचे लेटे- लेटे बरगद के छोटे-छोटे फल देख रहे थे। देखते - देखते उन्हें हँसी आ गई। चिन्नप्पा ज़ोर से हँसने लगे तो पेरियप्पा ने डाँट दिया। चिन्नप्पा बोले - देखो भाई, तुम सदा हमें डाँटते हो, यह ठीक नहीं है। हम कह देते हैं- हाँ --------

पेरियप्पा ने कहा - चुप करो, मैं तुमसे बड़ा हूँ। बड़ों के सामने ऐसे मत बोलो। अच्छा बताओ तुम क्यों हँस रहे थे ? चिन्नप्पा ने उत्तर दिया - मैं सोच रहा था कि ईश्वर तो बिल्कुल नासमझ हैं। पेरियप्पा की समझ में नहीं आया कि वह ऐसा क्यों कह रहा है ? उन्होंने पूछा तुम ऐसा क्यों कह रहे हो ? चिन्नप्पा ने भी लेटे- लेटे उत्तर दिया - देखो , इतने बड़े बरगद के फल कितने छोटे हैं। उधर तरबूज की कोमल बेल पर कितने भारी-भरकम फल लगते हैं । अब तुम्हीं बताओ , ईश्वर को यदि समझ होती तो वह बरगद के फल कद्दू या तरबूज के बराबर बड़े-बड़े बनाता और कद्दू की बेल पर बरगद के जैसे छोटे-छोटे फल लगाता । पेरियप्पा सोच ही रहे थे कि चिन्नप्पा को कैसे समझाएँ , तभी बरगद का एक फल चिन्नप्पा के सिर पर गिरा । चिन्नप्पा हड़बड़ाकर उठ बैठे और बोले - हे भगवान ! आप बड़े समझदार हैं। अगर बरगद पर कद्दू या तरबूज जैसे बड़े-बड़े फल लगते तो अभी मेरा सिर फूट कर टुकड़े-टुकड़े हो जाता । पेरियप्पा को समझाना नहीं पड़ा कि प्रकृति की प्रत्येक वस्तु को ईश्वर ने सोच-समझकर ही बनाया है।

प्रश्न - क दोनों भाइयों के नाम क्या थे ?

चिन्नप्पा और पेरियप्पा √ चिन्ह और पेरी
चीनी और पेरसी चिनपा और पेरीपा

प्रश्न - ख छोटा भाई कौन था ?

चिन्नप्पा था√ पेरियप्पा था दोनों भाई छोटे थे कोई भी नहीं था

प्रश्न - ग - पेरियप्पा कितने साल के थे ?

32 साल के 33 साल के 34 साल के 35 साल के√

प्रश्न - घ - चिन्नप्पा और पेरियप्पा कौन से खेत में काम कर रहे थे ?

गेहूँ के खेत में धान के खेत में√ बाजरे के खेत में चने के खेत में

प्रश्न - ङ दोनों भाई किस पेड़ की छाया में लेटे थे ?

पीपल के पेड़ की आम के पेड़ की बरगद के पेड़ की √ नीम के पेड़ की

प्रश्न - च पेरियप्पा ने चिन्नप्पा को क्यों डाँटा ?

चिन्नप्पा जोर से रो रहा था चिन्नप्पा जोर से हँस रहा था √
चिन्नप्पा जोर से गा रहा था चिन्नप्पा जोर से भाग रहा था

प्रश्न - छ चिन्नप्पा पहले ईश्वर को क्या समझ रहे थे ?

नामसझ √ बुद्धू सर्वशक्तिमान अंतर्यामी

प्रश्न - ज - बरगद के फल कैसे होते हैं ?

छोटे-छोटे√ बड़े-बड़े काले - काले मध्यम

प्रश्न - झ - तरबूज और कद्दू के फल कहाँ लगते हैं ?

पेड़ों पर ज़मीन के अंदर कोमल बेलों पर√ झाड़ियों पर

प्रश्न - ञ - चिन्नप्पा और पेरियप्पा मैं से कौन अधिक समझदार था ?

चिन्नप्पा पेरियप्पा √ दोनों भाई कोई भी नहीं